an>

Title: Need to permit farmers of villages falling under the army camp area in Pulgaon in Wardha Parliamentary Constituency, Maharashtra to utilize their land for earning their livelihood.

श्री रामदास सी. तडस **(वर्धा) :** मैं माननीय रक्षा मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र वर्धा के पुलगांव में बने आर्मी कैम्प की ओर आकृष्ट करते हुए कहना चाहता हूं कि यह आर्मी कैम्प एशिया का सबसे बड़े कैम्पों में से एक है। इस कैम्प के परिधि में लगभग 50 गांवों को आर्मी संरक्षण जोन में रखा गया है जिस कारण से यहां के किसान अपनी जमीन को न तो बेच सकते हैं और न ही किसी तरह के उद्योग धंधे लगा सकते हैं। किसानों की हालत दयनीय हो गई है। आये दिन किसान लोग कर्ज के बोझ से आत्महत्या कर रहे हैं। जब किसान कर्ज के बोझ को दूर करने हेतु अपनी जमीन बेचना चाहते हैं तो प्रशासन रोड़ा बनकर खड़ा रहता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि किसानों को उनकी माली हालत को देखते हुए उनके जमीन को जो संरक्षण जोन में रखा गया, उसे आम जमीन की तरह हर कार्य करने की अनुमति प्रदान करने का कष्ट किया जाए एवं आर्मी कैम्प में और अधिक सुविधा एवं विद्यालय तथा कॉलेज की स्थापना करने में सहयोग कराने की कृपा की जाए।